# वायुमंडल संघटन एवं संरचना

**1. पृथ्वी के वायुमंडल में प्रचुरता के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सी गैस दूसरे स्थान पर आती है?**
(a) ऑक्सीजन
(b) हाइड्रोजन
(c) नाइट्रोजन
(d) कार्बन डाइऑक्साइड

**2. बहिर्मंडल में, निम्नलिखित गैसों में से कौन-सी एक, अधिकतम मात्रा मे पाई जाती है?**
(a) हाइड्रोजन
(b) हीलियम
(c) नाइट्रोजन
(d) ऑक्सीजन

**3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. वायुमंडल में बढ़ती ऊँचाई के साथ-साथ वायु के तापमान में ह्रास ऊर्ध्वाधर ताप प्रवणता कहलाती है।**
**2.क्षोभमंडल में बढ़ती ऊँचाई के साथ-साथ वायु के तापमान में ह्रास भूमि से विकिरण के कारण होता है।**
(a) दोनों कथन सत्य हैं और कथन-2, कथन-1 का सही स्पष्टीकरण है।
(b) दोनों कथन सत्य हैं किंतु कथन-2, कथन-1 का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(c) कथन-1 सत्य है, किंतु कथन-2 असत्य है।
(d) कथन-1 असत्य है, किंतु कथन-2 सत्य है।

**4. वायुमंडल की निम्नलिखित परतों को पृथ्वी की सतह से ऊर्ध्वाधर व्यवस्थित कीजिए-**
**1.मध्यमंडल 2.क्षोभमंडल**
**3.समतापमंडल 4.बाह्य वायुमंडल**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) 1-2-3-4
(b) 2-1-3-4
(c) 2-3-1-4
(d) 3-4-2-1

**5. अधिकांश ओज़ोन गैस किस वायुमंडलीय परत में स्थित है?**
(a) आयनमंडल
(b) क्षोभमंडल
(c) समतापमंडल
(d) मध्यमंडल

**6. वायुमंडल की निम्नलिखित संघटक गैसों पर विचार कीजिए-**
**1.आर्गन 2.निऑन**
**3.हीलियम**
**4.कार्बन डाइऑक्साइड**
**आयतन की प्रतिशतता के हिसाब से उपर्युक्त गैसों का सही अवरोही क्रम, निम्नलिखित में से कौन-सा है?**
(a) 1-3-2-4
(b) 1-4-2-3
(c) 4-2-3-1
(d) 2-4-1-3

**7. वायुमंडल की निम्नलिखित परतों में से किस एक में आयनों की सांद्रता अधिक होती है?**
(a) समतापमंडल (स्ट्रैटोस्फीयर)
(b) बहिर्मंडल (एक्सोस्फीयर)
(c) बाह्य वायुमंडल (थर्मोस्फीयर)
(d) क्षोभमंडल (ट्रोपोस्फीयर)

**8. वायुमंडल के निम्नलिखित में से किस स्तर में निम्नतम तापमान अवलोकित/ दर्ज किया गया है?**
(a) समतापमंडल
(b) मध्यमंडल
(c) बाह्य वायुमंडल
(d) क्षोभमंडल

**9. समतापमंडल के निचले भाग में जेट विमान बहुत आसानी और निर्विघ्नता के साथ उड़ सकते हैं।**
**1. समतापमंडल के निचले भाग में बादल या जलवाष्प नहीं होते।**
**2.समतापमंडल के निचले भाग में ऊर्ध्वाधर पवनें नहीं होती।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन इस का/के स्पष्टीकरण है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**10. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए:**

| सूची-I | | सूची-II(स्थान) | |
|---|---|---|---|
| A | क्षोभमंडल | 1 | ओज़ोन परत और हवाई जहाज़ों के उड़ने के लिए आदर्श स्थिति प्रदान करता है। |
| B | मध्यमंडल | 2 | मौसम और उसमें परिवर्तन |
| C | तापमंडल | 3 | ऊँचाई के साथ तापमान में कमी (-90° तक) |
| D | समतापमंडन | 4 | लंबी दूरी के संचार में सहायक |

**कूट:-**
(a) **A-**2,**B-**3,**C-**4,**D-**1
(b) **A-**1,**B-**2,**C-**4,**D-**3
(c) **A-**3,**B-**1,**C-**4,**D-**2
(d) **A-**1,**B-**2,**C-**3,**D-**4

**11. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. समतापमंडल में प्रारंभ में तापमान स्थिर होता है किंतु 20 किमी. की ऊँचाई के बाद तापमान में वृद्धि होती है।**
**2.मध्यमंडल में ऊँचाई के साथ-साथ तापमान में वृद्धि होती है।**
**3.तापमान की स्थिति के अनुसार वायुमंडल चार विभिन्न संस्तरों में विभक्त है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1
(d) 1, 2 और 3

**12. समतापमंडल के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य नहीं है/हैं?**
**1. समतापमंडल में ऊँचाई के साथ तापमान में गिरावट बंद हो जाती है।**
**2.इस मंडल में 20 किमी. की ऊँचाई तक तापमान अपरिवर्तित रहता है।**
**3.समतापमंडल में बादल पाए जाते हैं।**
**कूट:**
(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 3
(d) उपर्युक्त सभी

**13. समताप रेखाओं के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
**1. समताप रेखाएँ अधिकतर उत्तर-दक्षिण दिशा में अक्षांश रेखाओं का अनुसरण करती हैं।**
**2. जहाँ जल व स्थल में विषमता के कारण तापांतर अधिकतम होता है वहाँ समताप रेखाएँ सीधी रहती हैं।**
**कूट:**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**14. वायुमंडल में जलवाष्प का/के स्त्रोत है/हैं -**
**1. नम धरातल 2. पौधे**
**3. जानवरों का श्वसन**
**कूट:**
(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 1 और 3
(d) उपर्युक्त सभी

**15. समतापमंडल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. समतापमंडल में बादलों का अभाव होता है।**
**2. इस मंडल में धूलकण व जलवाष्प की मात्रा अधिक होती है।**
**3. जेट वायुयान चालक इस मंडल में वायुयान उड़ाना पसंद नहीं करते हैं।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) उपर्युक्त सभी

**16. वायुमंडल में धूलकण की उपस्थिति के कारण निम्नलिखित में से कौन-सी घटना घटित होती है?**
**1. बादलों का निर्माण**
**2. सूर्यातप का परावर्तन**


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**3. अरोरा**
**4. धूम कोहरा**
**कूट:**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) केवल 1, 2 और 4

**17. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
**1. वायुमंडल में $CO_2$ की प्रतिशतता ऑर्गन गैस से अधिक होती है।**
**2. आयनमंडल, समतापमंडल तथा मध्यमंडल के बीच में होता है।**
**कूट:**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 2
(d) उपर्युक्त में से काई नहीं

**18. निम्नलिखत कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. किसी अक्षांश पर क्षोभमंडल की ऊँचाई ग्रीष्मऋतु की अपेक्षा शीतऋतु में अधिक होती है।**
**2. भूमध्यरेखा से ध्रुवों की ओर जाने पर क्षोभमंडल की ऊँचाई बढ़ती जाती है।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 2
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**19. प्रारंभिक काल में पृथ्वी के वायुमंडल की रचना हुई थी -**
(a) हाइड्रोजन और जलवाष्प से
(b) कार्बन डाइऑक्साइड और हाइड्रोजन से
(c) हाइड्रोजन और हीलियम से
(d) हाइड्रोजन, हीलियम और $CO_2$ से

**20. पृथ्वी पर जीवन के लिए आवश्यक वायुमंडल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. कार्बन डाइऑक्साइड तथा जलवाष्प की अपेक्षा ऑक्सीजन की उपस्थिति अधिक ऊँचाई तक पाई जाती है।**
**2. कार्बन डाइऑक्साइड सौर विकिरण के लिए पारदर्शी है, जबकि पार्थिव विकिरण के लिए अपारदर्शी है।**
**3. जलवाष्प की वायुमंडल में उपस्थिति ऊँचाई के साथ बढ़ती जाती है।**
**4. वायुमंडल में उपस्थिति धूलकणों का सबसे अधिक जमाव उष्ण व शुष्क मरुस्थलों में हवा में शुष्कता के कारण देखने को मिलता है।**
**उपर्युक्त कथनों  में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 1, 3 और 4
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) उपर्युक्त सभी

**21. बाह्य वायुमंडल पृथ्वी के वायुमंडल की एक परत है, यह रेडियो संचार में सहायक होती है, क्यों?**
**1. ओज़ोन परत की मौजूदगी के चलते रेडियो तरंगें पृथ्वी की ओर परावर्तित होती हैं।**
**2. रेडियो तरंगों की तरंगदैर्ध्य बहुत अधिक होती है।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 2
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**22. पृथ्वी के वर्तमान वातावरण के विकास के साथ निम्नलिखित में से कौन-सा/से चरण/कारक संबंधित है/हैं?**
**1. प्रारंभिक वायुमंडल का अंत।**
**2. पृथ्वी का गर्म आंतरिक भाग।**
**3. प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया।**
**नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) उपर्युक्त सभी

**23. पृथ्वी के वायुमंडल और जलमंडल के उद्विकास के निम्नलिखित चरणों को कालानुक्रम के अनुसार व्यवस्थित कीजिए-**
**1. गैस उत्सर्जन**



उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**2. आरंभिक वायुमंडल का ह्रास**
**3. प्रकाश संश्लेषण द्वारा वायुमंडल के संघटन का रूपांतरण**
**4. महासागरों तथा अन्य जल स्त्रोतों की उत्पत्ति**
**नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) 1, 2, 4, 3
(b) 2, 1, 4, 3
(c) 4, 2, 1, 3
(d) 1, 2, 3, 4

**24. क्षोभमंडल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. विषुवत रेखा पर क्षोभमंडल की ऊँचाई ध्रुवों की तुलना में कम होती है।**
**2. इस संस्तर में प्रति 165 मीटर की ऊँचाई पर तापमान 1° सेंटीग्रेट की दर से घटता जाता है।**
**3. क्षोभसीमा क्षोभमंडल को मध्यमंडल से अलग करती है।**
**उपर्युकत कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 2
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) उपर्युक्त सभी

**25. आज़ोन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
**1. यह पराबैंगनी किरणों जैसे विकिरणों को अवशोषित करती है।**
**2. यदि यह क्षोभमंडल में उपस्थित हो तो एक प्रदूषक बन जाती है।**
**नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 2
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं



उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213